## एक नजर में

### लॉक सही करा रहे ज्वेलर्स की कार से जेवर ले गया नाबालिग

ग्वालियर। सराफा बाजार से आभूषणों का काम निपटाकर घर जा रहे ज्वेलर्स की कार का गेट खोलकर नाबालिग सोने के जेवर चोरी कर ले गया। घटना उस समय हुई जब ज्वेलर्स कार का लॉक सही करा रहा था। वारदात शनिवार रात करीब 8 बजे इंदरगंज थाना क्षेत्र के पेट्रोल पंप के सामने की है। पुलिस ने मामला कायम कर नाबालिग की तलाश शुरु कर दी है। शशांक कौशल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद कौशल निवासी सुरेश नगर ठाटीपुर ज्वेलर्स हैं। उनकी दुकान सुरेश नगर में है और शनिवार को वह सराफा बाजार काम से आए थे। काम होने के बाद उन्होंने सोने की अंगूठी व एक ब्रेसलेट जिनका कुल वजन करीब 10 ग्राम था, उसे कार की सीट पर रख दिया और अपने घर चल दिए। शिंदे की छावनी पर उन्होंने कार का लॉक सही कराने के लिए अपनी गाड़ी सिंघल चाबी वाले की दुकान पर रोकी और काम कराने लगे। शशांक कार का लॉक सही करा रहे थे, उसी दौरान एक नाबालिग जिसकी उम्र करीब 12 से 14 वर्ष के बीच होगी वह आया और कार का गेट खोलकर सोने के जेवर लेकर गायब हो गया। इसकी जरा भी भनक शशांक को नहीं लगी। जब कार का लॉक सही हो गया और उनकी नजर सीट पर गई तो जेवर नजर नहीं आए। पूरी कार छान मारी, लेकिन अंगूठी व ब्रेसलेट का कुछ पता नहीं चला। रात में ही इसकी सूचना इंदरगंज पुलिस को दी। टीआई दीप्ति तोमर मौके पर पहुंचीं और घटना जानने के बाद उन्होंने तत्काल आस-पास दुकानों में लगे सीसीटीवी देखे। सीसीटीवी में नजर आया कि नाबालिग बच्चा कार से जेवर निकालकर ले जा रहा है। टीआई दीप्ति तोमर ने बताया कि सीसीटीवी अंधेरे के हैं, इसलिए ज्यादा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है, लेकिन फुटेज के आधार पर नाबालिग बच्चे की तलाश के लिए पुलिस टीमें तैनात कर दी गई हैं।

### घर -घर जाकर पिलाई पोलियो की खुराक



ग्वालियर। पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ सभी शहरी एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संस्थाओं पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। मुख्य कार्यक्रम थाटीपुर डिस्पेंसरी में ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ ग्वालियर संभाग डॉ.बी.एस.सेतया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सचिन श्रीवास्तव,राज्य कार्यक्रम अधिकारी यूएनडीपी डॉ कपिल जादौन, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ राम कुमार गुप्ता, डब्ल्यू.एच.ओ. के एस.एम.ओ. डॉ.एम.एस. राजावत, संस्था प्रभारी डॉ स्वेच्छा दंडौतिया (स्त्री रोग विशेषज्ञ) के द्वारा 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पल्स पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया गया। इसके साथ ही ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ ग्वालियर संभाग डॉ बी.एस. सेतया एवं राज्य कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कपिल जादौन के द्वारा थाटीपुर डिस्पेंसरी की कोल्ड चैन का निरीक्षण कर उपस्थित स्टाफ से डीप फ्रीजर के डीप फ्रास्ट की प्रक्रिया एवं टेम्परेचर के बारे में जानकारी ली गई साथ ही उन्होंने अभियान के दौरान वितरित की गई वैक्सीन एवं बूथ की भी जानकारी ली। वहीं जिला अस्पताल मुरार में पूर्व विधायक मुन्ना लाल गोयल के द्वारा पोलियो बूथ का उद्घाटन किया गया इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ.आर.के. शर्मा, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रामकुमार गुप्ता, अस्पताल प्रबंधक डॉ.राजेश बिरथरिया उपस्थित रहे एवं सिविल अस्पताल हजीरा में पार्षद श्रीमती अनीता रत्नाकर व संस्था प्रभारी डॉ प्रशांत नायक के द्वारा पल्स पोलियो बूथ का उद्घाटन किया गया। जिला मीडिया अधिकारी आईपी निवारिया ने बताया कि जो बच्चे किसी कारणवश पोलियो की खुराक नहीं पी पाये उन्हें टीमें दिनांक 13 एवं 14 अक्टूबर को घर -घर जाकर पोलियो की खुराक पिलायेंगे ताकि कोई भी बच्चा पोलियो दवा पिये रह न पाये।




### धर्मेंद्र किरण वर्मा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**ग्वालियर 12 अक्टूबर.** दीपावली त्यौहार के चलते शहर के कोने कोने में सफाई अभियान चलाया जा रहा है इसी के चलते आज वार्ड 17 के पार्षद धर्मेंद्र किरण वर्मा द्वारा छत्रपति शिवाजी में रविवार को आनंद नगर गेट से लेकर पाताली हनुमान चौराहे व चौहान क्रेन ऑफिस तक चमड़ा मील नए पुल तक सफाई कराई गई एवं चमड़ा मील पुल की भी सफाई करवाई गई एवं आनंद नगर में सीवर चेंबर की सफाई करवाई, न्यू कॉलोनी नंबर दो ऊर्जामंत्री वाली गली से लेकर पाताली हनुमान तक मेंन रोड के सीवर चैंबररों की सुपर सटल मशीन के द्वारा सफाई करवाई गई।

### भागदौड़ भरी ज़िंदगी में महिलाओं की सेहत पर संकट



**ग्वालियर 12 अक्टूबर.** आज के दौर में बहुत तीव्र जीवन शैली का चलन चल पड़ा है । यह जीवन शैली बहुत अस्त व्यस्त है । दिनचर्या के अस्त व्यस्त हो जाने से अनेको रोग शरीर को घेर लेते है । आजकल की भागदौड़ भरी, बेहद व्यस्त और तनावपूर्ण जीवनशैली के चलते हम अक्सर अपनी सेहत का सही तरह से ध्यान नहीं रख पाते, जिसके कारण कई तरह की समस्याएं हो जाती हैं। बाहर का खाना तला ,गला ,बासी खाना ,चटपटा खाना तेज मिर्च, एवं अधिक मीठा खाना हमारे भारतीयों की पहली पसंद है. स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही एवं शरीर की समस्याओं को अनदेखा करने से विभिन्न प्रकार की बीमारियां पैदा होती है जिनमें से एक है PCOD/PCOS बीमारी। इस समस्या से पीड़ित महिलाओं में और भी अनेक बीमारियां होने का खतरा बना रहता है। यह रोग महिलाओं एवं लड़कियों में होना आजकल आम बात हो गई है। कुछ सालों पहले तक यह समस्या 30-35 उम्र की महिलाओं में अधिक पाई जाती थी पर अब स्कूल / कॉलेज जा रही बच्चियों में भी इस तरह की समस्या आम हो गई है। जिन लड़कियों में पीरियड्स की अनियमिता की समस्या देखने को मिलती है उन्हीं लड़कियों को पॉली सिस्टिक ओवेरियन डिजीज (PCOD) की समस्या का सामना करना पड़ता है। विशेषज्ञों का यह भी कहना है कि जो महिलाएं तनाव भरा जीवन व्यतीत करती हैं उनमें पॉलीसिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम होने की संभावना अधिक होती है। अगर शुरुआती दौर में एवं कम उम्र में ही इस समस्या का पता लग जाए तो इसे काबू में करना आसान होता है।सामान्य से दिखने वाले लक्षणों पर आधारित PCOD और PCOS महिलाओं के लिए एक खतरनाक रोग साबित हो रहा है। इसके चलते न सिर्फ उन्हें हर महीने मासिक चक्र से जुड़ी कई तरह की समस्याओं और दर्द ,जलन का सामना करना पड़ता है, बल्कि गर्भधारण न कर पाने के चलते भी उन्हें भारी तनाव से जूझना पड़ता है।

### याक़ूज़ा इलेक्ट्रिक स्कूटर लीजिये 25 पैसे प्रति कि.मी में अपनी स्कूटी चलाइए

**ग्वालियर 12 अक्टूबर.** आज के समय में जब पेट्रोल और डीज़ल की बढ़ती कीमतें जेब पर भारी पड़ रही हैं, वहीं रुद्रा ईवी सोलूशन्स से राहत के लिए अभी याक़ूज़ा इलेक्ट्रिक स्कूटर लीजिये। जिसमे अब सिर्फ 25 पैसे प्रति किलोमीटर में अपनी स्कूटी चलाइए और 6 महीने में स्कूटी की पूरी कीमत वसूल कर लीजिए! यह स्कूटी सिर्फ सस्ती नहीं, बल्कि समझदारी की पहचान है – क्योंकि इसमें न RTO की भागदौड़, न लाइसेंस की टेंशन, और न ही प्रदूषण का डर। बस चार्ज कीजिए और निश्चिंत होकर चलाइए जहाँ चाहें, जब चाहें। रुद्रा ईवी स्कूटी न सिर्फ आपकी जेब को राहत देती है बल्कि पर्यावरण को भी साफ रखती है। यह भविष्य की सवारी है

# सामाजिक सौहार्द बिगाड़ा तो होगा कड़ा एक्शन : एसएसपी

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 12 अक्टूबर.** दलितवर्ग के बीच विवाद काफी गहरा हाईकोर्ट कैंपस में डॉ. अंबेडकर की मूर्ति स्थापना को लेकर सवर्ण समाज और दलित गया है। वहीं दोनों पक्षों ने आगामी

**15 अक्टूबर को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट, सोशल मीडिया की निगरानी शुरू**

15 अक्टूबर को एक दूसरे को जूते मारने की खुली चुनौती दी है। जिसके चलते पुलिस प्रशासन खासा अलर्ट बना हुआ है। वहीं एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा स्पष्ट शब्दों में कहा गया है कि किसी भी स्थिति में शहर का सामाजिक सौहार्द नहीं बिगड़ने दिया जाएगा, और जो कोई भी ऐसा करने का प्रयास करेगा, उसके खिलाफ कड़ा एक्शन होगा। इसके साथ ही सोशल मीडिया की भी सतत निगरानी की जा रही है। जिस पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले आधा सैकड़ा से अधिक लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। जिसकी पड़ताल कर उनके खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। यहां बता दें कि हाईकोर्ट परिसर में डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के मुद्दे पर सवर्ण समाज ओबीसी और दलित वर्ग आमने सामने आ गए हैं। जिसमें पूर्व बार अध्यक्ष अनिल मिश्रा पर क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज की गई। जिसके बाद वह अपने समर्थकों के साथ गिरफ्तारी देने एसपी ऑफिस पहुंचे, तो पुलिस ने जांच का हवाला देते हुए उन्हें अरेस्ट



करने से इंकार कर दिया। इसी बीच दूसरे गुट के नेताओं द्वारा आगामी 15 अक्टूबर को अनिल मिश्रा को घर में घुसकर जूते मारने की खुली चेतावनी दे दी गई। इस पर सवर्ण वर्ग भी एडवोकेट अनिल मिश्रा के पक्ष में उतरते हुए दूसरे गुट को सबक सिखाने की बात करने लगा। जिससे यह विवाद वर्ग संघर्ष में तब्दील होता दिख रहा है। ऐसे में माहौल बिगड़ने की संभावना देखते हुए जहां कलेक्टर रूचिका सिंह

चौहान ने बिना अनुमति कोई भी धरना प्रदर्शन, सभा व रैली आदि करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वहीं एसएसपी धर्मवीर सिंह द्वारा सोशल मीडिया पर अशांति फैलाने वाली कोई भी भड़काऊ पोस्ट नहीं करने की एडवायजरी जारी की गई है। पुलिस कप्तान ने बताया कि जो कोई भी शहर का सामाजिक सद्भाव एवं माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, उसे कतई नहीं बख्शा जाएगा। इसके लिए गठित की गई पुलिस टीमें ऐसे लोगों को चिंहित कर रही हैं, जो लोगों की भावना भड़काकर शहर के शांत माहौल को बिगाड़ना चाहते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की है, कि किसी भी भड़काऊ अथवा जातिगत भेदभावपूर्ण पोस्ट को लाइक, शेयर ना करें और ना ही उस पर कोई टीका टिप्पणी करें, अन्यथा आपको भी कार्रवाई की जद में आकर नाहक ही परेशान होना पड़ेगा, क्योंकि जो कोई भी इस तरह का कृत्य करेगा, उसके खिलाफ निश्चित रूप से कठोर कार्रवाई होगी।

### जगह- जगह नाकाबंदी, होटल- हॉस्टल की चेकिंग

पुलिस द्वारा आगामी 15 अक्टूबर को लेकर विशेष ऐहतियात बरती जा रही है। जिसके चलते बाहर से कोई भी उपद्रवी शहर में दाखिल ना हो सके, इसके लिए करीब 15 विभिन्न पॉइंट्स पर नाकाबंदी की गई है। वहीं होटल व हॉस्टल आदि की भी नियमित चेकिंग की जा रही है, जिससे कोई संदिग्ध इनमें ना ठहर सके। इसके अलावा संवेदनशील इलाकों के मोहल्लों में पहुंचकर पुलिस अफसर बैठकें ले रहे हैं। एसएसपी स्वयं इस तरह की बैठकें लेकर आमजन को जागरूक करने के साथ ही समझाइश दे रहे हैं।

**NASHIK MUNICIPAL CORPORATION, NASHIK**
**E-Tender Cell Department**
**Sinhastha Work - E-Tender Notice No.10 (2025-26)**
Nashik Municipal Corporation, Nashik Public Works Department vide E-Tender Notice No. 10 (Year 2025-26) invites bids for 02 number of works which will be displayed on the website www.mahatenders.gov.in. from dt. 11/10/2025 to 27/10/2025 up to 3.00 pm. Last date for acceptance of tender will be dt.27/10/2025.
**Note** - All further necessary notices/clarifications will be published on the online website.
Sd/-
Executive Engineer
(Tender Cell)
Nashik Municipal Corporation
जनसंपर्क/जा.क्र/२८५/२०२५ दि.१०/१०/२०२५ गोदा प्रदुषण टाळा, भविष्य संभाळा.

# व्हीआईएसएम में मनाई राजमाता विजयाराजे सिंधिया की 106वीं जयंती

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर, 12 अक्टूबर.** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्टडीज, ग्वालियर में आजं मातृशक्ति की प्रतीक 'कैलाशवासी राजमाता विजयाराजे सिंधिया जी' की 106वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलन से हुई। इसके पश्चात् संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर, चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, समाजसेवी श्री संतोष सिकरवार, श्री ऋषभ सिंह राठौर ने राजमाता के चित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर संस्थान के चेयरमैन 'डॉ. सुनील राठौर' ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अतिथियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजमाता विजयाराजे



सिंधिया केवल एक राजनीतिक हस्ती नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, सेवा, और राष्ट्रभक्ति की सजीव प्रतिमूर्ति थीं। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन समाज सेवा, शिक्षा, चिकित्सा, महिला सशक्तिकरण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया। आज की पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए कि कैसे राजमहल से निकलकर उन्होंने जनसेवा को अपना धर्म बनाया। डॉ. राठौर ने आगे कहा कि 'ङ्कङ्कस्रू संस्थान' राजमाता जी के सिद्धांतों एवं मूल्यों को आत्मसात करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, चिकित्सा सेवा, चरित्र निर्माण और राष्ट्रप्रेम के बीज विद्यार्थियों में बोने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा व्हीआईएसएम हॉस्पिटल भी उनके सपनो को अपना संकल्प बना कर आगे बढ रहा है हॉस्पिटल द्वारा प्रतिदिन प्रात: 10बजे से दोपहर 02 बजे तक नि:शुल्क ओ.पी.डी. संचालित की जा रही है। जिसमें अनुभवी डॉक्टर्स द्वारा मरीजों को परामर्श मिल रहा है। हॉस्पिटल द्वारा समय-समय पर नि:शुल्क हेल्थ कैम्पों का आयोजन भी किया जाता है। जिसमें मरीजों को नि:शुल्क दवाईयॉ भी दी जाती है। यह राजमाता जी के प्रति सच्ची श्रृद्धाजंली है। इस मौके पर छात्रावास के छात्र-छात्राऐं एवं हॉस्पिटल के डॉक्टर्स एवं स्टॉफ मौजूद रहें।

# कैसे मनेगी स्वच्छ दिवाली जब हर घर के बाहर कचरे का अंबार

संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 12 अक्टूबर.** गली, मोहल्ले, शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी नगर निगम ग्वालियर की है लेकिन शहर की बदसूरत तस्वीर देखकर ऐसा लगता है जैसे संबंधित महकमा अपनी जिम्मेदारी को पूरी तरह से निभा नहीं पा रहा है। नवभारत ने शहर की सफाई और सड़कों की हालात को जानने पडताल की तो हमें एक तस्वीर उपनगर मुरार के त्यागी नगर में देखने को मिली, जहां सड़क के बीचों बीच कचरे का बड़ा सा ढेर लगा हुआ नजर आया। स्थानीय लोगो ने बताया कि नगर निगम सफाई कर्मचारी इस कूड़े के ढेर को हटाने नहीं आ रहे। इससे यहां से गुजरने वाले लोगों को गंदगी से होकर गुजरना पड़ता है। कचरें के ढेर के पास आवारा जानवर भी आकर अपना भोजन तलाश करते नजर आए। जो कि कई बार यहां से निकलने वाले लोगों के लिए हिंसक भी बन जाते हैं। शहर में पहले भी कई बार आवारा सांड ने लोगों की जान ली है इस तरह के कचरे की ढेर के पास आवारा जानवरों के आने से एक बार फिर खतरे की घंटी नजर आ रही है।



### लोगों का कहना है कि...



कई बार शिकायत करने के बाद भी नगर निगम कर्मचारी हमारी नहीं सुन रहे ऐसे में मजबूरन इस गंदगी के बीच ही रहना पड़ रहा है। आवारा जानवर यहां खड़े रहते हैं इसलिए बच्चों,बुजुर्गो और महिलाओ को यहां से निकलने में भी खतरा रहता है।

**दामोदर शर्मा**



दीपावली से पहले घर-घर में सफाई होती है। इसीलिए मौहल्ले के बाहर कचरे का ढेर लग जाता हैं इसे यहां से हटाने की जिम्मेदारी नगर निगम की है लेकिन नगर निगम अपनी जिम्मेदारी को नहीं निभा पा रहा है यही कारण है कि हमारे मोहल्ले में कचरा का ढेर लगा हुआ है।

**बलराम कांकर**

जब नगर निगम हमसे पैसा लेती है तो फिर व्यवस्थाओं को दुरुस्त क्यों नहीं करती? कहने को शहर में बड़े-बड़े नेता है लेकिन मौहल्लों की बेरंग तस्वीर




किसी को दिखाई नहीं देती। दीपावली से पहले नगर निगम को यह कचरा पूरी तरह से उठाकर सफाई कर देनी चाहिए।

**गजेंद्र पुरोहित**



स्वच्छ ग्वालियर सिर्फ नेताओं, अफसरों के बंगलो की बाहर ही नजर आता है, आम आदमी जहां रहता है वहां न स्वच्छता है न सड़के। नगर निगम जैसे सो गया है, आप खुद देखिए यहां कितना कचरा का ढेर लगा है।

**सुनील लवानियां**



मैं हाथ जोड़कर आपके माध्यम से नगर निगम स्वास्थ्य कर्मचारियों से कहना चाहता हूं कि यह कचरा उठा लीजिए। साथ ही नगर निगम अधिकारियों से पूछना चाहता हूं कि हमारी स्वच्छ दीपावली कैसे मनेगी जब हमारे घर के बाहर कचरा का ढेर लगा हैं।

**दीपेश पाराशर**

### सदर बाजार से बाइक चोरी

**ग्वालियर 12 अक्टूबर.** मुरार थाना क्षेत्र के सदर बाजार से युवक की बाइक चोरी हो गई। युवक बाजार में खरीदारी करने गया था और उसने अपनी बाइक एक दुकान के पास खड़ी की थी। संतोष जाटव पुत्र रघुनाथ जाटव निवासी हस्तिनापुर बीते रोज सदर बाजार में सामान खरीदने गया था। संतोष ने अपनी मोटर साइकिल नम्बर एमपी 07 एमजेड-0891 को भल्ला की दुकान के पास खड़ा किया और खरीदारी करने चला गया। जब वह वापस आया तो देखा कि दुकान के पास मोटर साइकिल नहीं थी। आस-पास तलाशने पर कहीं पता नहीं चला तब मुरार थाने पहुंचकर पुलिस को पूरी बात बताई।













